आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

पंचायत योजना

राज्य सरकार प्रदेश मे हरित ऊर्जा के क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के उदेश्य से कई कदम उठा रही हैं। इसी के तहत राज्य सरकार ने प्रदेश में ग्रीन पंचायत योजना लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। इस योजना के तहत एक सौ पंचायतों में 5 किलोवॉट क्षमता के सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाए जाएंगे और इनसे बनने वाली बिजली राज्य विद्युत बोर्ड को बेची जाएगी।

सेवा पर्व

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज सेवा पर्व की विशेष श्रृंखला में मोदी सरकार ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के माध्यम से प्रत्येक बालिका के लिए सम्मान, सुरक्षा और शिक्षा सुनिश्चित की है।

*ऐतिहासिक रूप से प्रसिद्ध है इतिहास पर इसी पानीपत की धरती पर 22 जनवरी 2015 को एक बार फिर इतिहास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो के सम्मान में नई योजना की शुरुआत की यह योजना रही बेटी बचाओ प्रधानमंत्री ने कहा था हम यह तो चाहते है कि बहु तो हमें पढ़ी लिखी मिले लेकिन बेटी को पढ़ना है तो 50 बार सोचने के लिए मजबूर है यह दोगला पन कब तक चलेगा यदि बहु पढ़ी लिखी चाहिए था बेटी को भी पढ़ना होगा यह हमारी जिम्मेवारी है इस योजना का लक्ष्य है वीडियो को सम्मान दिलाना पढ़ाई लिखाई के अवसर उपलब्ध कराना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की एक दशक की यात्रा की सफलता है और महिला सशक्तिकरण से जुड़े बुढो का समाधान इस योजना के जरिए बालिकाओं को पढ़ाई और खेल के साथ ही कौशल विकास में भी मदद दी जा रही है हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले की जागृति धीमान को भी इस योजना का फायदा मिला है वह कहती है मैंने 96.4: मार्क्स प्राप्त किया जिसके लिए मुझे जिला बिलासपुर से ₹5000 और एकता शक्ति पत्र मोमेंट को दिया गया तो उसे मेरे को एक और मोटिवेशन मिली कि मैं और ज्यादा पढ़ूं प्रधानमंत्री मोदी का सपना है देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना हकीकत बनाने की कोशिश है*

चलो जीते हैं–स्क्रीन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म ''चलो जीते हैं'' देश के लाखों स्कूलों और लगभग पांच सौ सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। यह फिल्म प्रधानमंत्री मोदी के बचपन की एक घटना से प्रेरित है। इस फिल्म में, स्वामी विवेकानंद के दर्शन से प्रभावित होकर किशोरवय नारू अपनी छोटी–सी दुनिया में बदलाव लाने का प्रयास करता है। प्रदेश के ऊना जिला में 24 सितंबर तक इस फिल्म के प्रतिदिन दो शो दिखाए जा रहे हैं।

भाजपा सेवा पखवाड़ा

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को देश भर में सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत 2 अक्टूबर तक विभिन्न विषयों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कल 21 सितंबर को शिमला में नमो युवा रन मैराथन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी युवाओं से इसमें बड़ी संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है।

*सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में युवा मोर्चा के माध्यम से आयोजन किया जा रहा है हिमाचल जिले का हिमाचल नशा मुक्त भारत के लिए यह कार्यक्रम मैदान में 21 सितंबर को सुबह 7रू00 बजे निर्धारित हुआ है और यह कार्यक्रम मैराथन के रूप में निवेदन है क्या बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम का हिस्सा बने*

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

अमर उजाला की सुर्खी है—पांच बीघा भूमि को नियमित करने की नीति पर यथास्थिति के आदेश। पंजाब केसरी लिखता है—धारा—118 के नियम में ढील देने पर सरकार कर रही विचार, बिजली दरों में उद्योगों को मिलेगी राहत।

दैनिक सवेरा टाइम्स का कहना है—प्राकृतिक आपदा को लेकर अलर्ट मोड में सुक्खू सरकार।

दैनिक जागरण की सुर्खी है—सरकारी स्कूलों में छठी कक्षा की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम में जबकि दिव्य हिमाचल का शीर्षक है—स्कूलों में मोबाइल से दूर रहें टीचर।

हिमाचल दस्तक लिखता है—किन्नौर में बादल फटा, खेत बागीचे और 2 गाड़ियों बही—शिमला में भारी भूस्खलन, बहुमंजिला भवन भी खतरे की जद में। आपका फैसला के शब्द हैं—किन्नौर के थाच गांव में बादल फटा, बागीचों, मकानों व वाहनों को पहुचा नुकसान।

———————————